
हाईरिस्क प्रेग्नेंसी...
पेज 2

आपकी खबरों का संसार...

RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार


संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in


राज्य निर्वाचन आयोग बोला...
पेज 3

वर्षः 11 | अंकः 04 | जयपुर, शनिवार 18 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


# देहरादून में 8 हजार स्टूडेंट्स से राहुल गांधी का संवादः बोले- मीडिया शादी और चीते की बात करेगी, पेपर लीक की नहीं

### मंच पर झूमते दिखे कांग्रेसी नेता

**देहरादून।** देहरादून के बन्नू स्कूल ग्राउंड में कांग्रेस का छात्रों की गूंज कार्यक्रम शुरू हो चुका है। मूसलाधार बारिश के बावजूद करीब 8 से 10 हजार छात्र-युवा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भीषण जाम में करीब 30 मिनट फंसने के बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मंच से युवाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि मीडिया शादी और चीते की बात करेगी, लेकिन पेपर लीक जैसे युवाओं के मुद्दों पर चर्चा नहीं करेगी। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि राहुल गांधी के अलावा मुख्य मंच पर कोई भी कांग्रेस नेता या कार्यकर्ता मौजूद नहीं रहा। वरिष्ठ नेताओं के लिए मुख्य मंच के बगल में अलग व्यवस्था की गई है। वहीं, राहुल गांधी के पहुंचने से पहले गणेश गोदियाल समेत प्रदेश कांग्रेस के कई नेता हिंदी गानों पर झूमते और डांस करते नजर आए। प्रसिद्ध रैपर डकैत की प्रस्तुति ने भी कार्यक्रम में मौजूद युवाओं का उत्साह बढ़ाया। उधर, राहुल गांधी के दौरे को लेकर दोपहर में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल के बाहर जमकर हंगामा किया। इस दौरान राहुल वापस जाओ के नारे लगाए गए, जिसके बाद पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

### कार्यक्रम में दिखाया गया पेपर का रेट कार्ड

छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान मंच से पेपर लीक के कथित नेटवर्क पर निशाना साधते हुए एक पेपर का रेट कार्ड दिखाया गया। इसमें विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक की कथित कीमतें दर्शाई गईं। कार्ड के मुताबिक नीट 2026 का रेट 40 लाख रुपये, **IIT-JEE** 2021 का 15 लाख रुपये, उत्तराखंड पटवारी भर्ती 2025 का 15 लाख रुपये, बिहार शिक्षक भर्ती 2024 का 10 लाख रुपये और ओडिशा पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती 2025 का 25 लाख रुपये बताया गया। राहुल गांधी ने इसे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का प्रतीक बताते हुए भर्ती प्रणाली में सुधार की मांग उठाई।

### राहुल बोले- टेस्टिंग सिस्टम पुराना हो चुका, टेक्नोलॉजी से खत्म हो सकता है पेपर लीक



छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि सबसे पहले परीक्षा प्रणाली में बदलाव की जरूरत है, क्योंकि मौजूदा टेस्टिंग सिस्टम पुराना हो चुका है। उन्होंने कहा कि सिस्टम में अधिक लचीलापन होना चाहिए और एक ही परीक्षा हॉल में छात्रों को अलग-अलग रैंडम प्रश्नपत्र दिए जा सकते हैं। राहुल ने कहा कि तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से पेपर लीक जैसी समस्याओं को काफी हद तक खत्म किया जा सकता है।

### राहुल बोले- युवाओं के सामने दो रास्ते, एक मेहनत का और दूसरा पेपर लीक का

देहरादून में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि आज युवाओं के सामने दो रास्ते हैं। पहला ईमानदारी और मेहनत का रास्ता है, जहां आर्थिक दबाव और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। दूसरा रास्ता पेपर लीक और भ्रष्टाचार का है, जिसका फायदा वही लोग उठा सकते हैं जिनके पास पैसा और सिस्टम तक पहुंच है। राहुल गांधी ने कहा कि 99.9% छात्र ईमानदारी से मेहनत करते हैं और इस गलत रास्ते पर नहीं चलते, लेकिन कुछ लोग सिस्टम का दुरुपयोग कर पेपर लीक जैसी घटनाओं का लाभ उठा लेते हैं। इसका नुकसान उन लाखों युवाओं को होता है जो अपनी मेहनत के दम पर आगे बढ़ना चाहते हैं।

### राहुल गांधी बोले- महंगी शिक्षा, सीमित अवसर और पेपर लीक युवाओं के साथ अन्याय

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि आज देश का युवा महंगी शिक्षा, सीमित अवसर, सफलता की कठिन होती राह और पेपर लीक जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा यह अन्याय स्वीकार नहीं किया जा सकता और इसके खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है।

### राहुल बोले- मीडिया शादी और चीते की बात करेगी, पेपर लीक की नहीं

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया अक्सर शादी, चीते और दूसरी चर्चित खबरों पर ध्यान देती है, लेकिन पेपर लीक जैसे मुद्दों को उतनी गंभीरता से नहीं उठाती। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े सवालों पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा होनी चाहिए।

### मंच पर भावुक हुए रिया के पिता, राहुल गांधी ने बंधाया ढाढ़स

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में देहरादून की छात्रा रिया कुमारी थापा के पिता ने अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने बताया कि पेपर लीक की खबर सामने आने के बाद रिया बेहद आहत हो गई थी। रिया ने उनसे कहा था, हम मेहनत करते हैं, लेकिन हमारे साथ हमेशा धोखा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि बेटी सवाल करती थी कि परीक्षा केंद्रों में कड़ी जांच और कानों के टॉप्स तक उतरवाने के बावजूद पेपर कैसे लीक हो जाते हैं। अपनी बात रखते हुए रिया के पिता भावुक होकर रो पड़े। इस दौरान राहुल गांधी ने उन्हें ढाढ़स बंधाया। रिया के पिता ने कहा कि उन्हें राहुल गांधी से न्याय की उम्मीद है।

### अनीता जोशी, आरती कंडारी और कनिष्क कांडपाल से राहुल गांधी का संवाद

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी मंच पर छात्रों और युवाओं से सीधे संवाद कर रहे हैं। इस दौरान अनीता जोशी, आरती कंडारी और कनिष्क कांडपाल ने अपने सवाल और अनुभव राहुल गांधी के सामने रखे। राहुल युवाओं की समस्याओं और सुझावों को सुनते हुए उनसे बातचीत कर रहे हैं।

### सरकारी नौकरी के दो रास्ते बताए, पेपर लीक पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरी पाने के दो रास्ते हैं। पहला मेहनत और योग्यता का रास्ता है, जबकि दूसरा पैसे के जरिए नौकरी पाने का, जो पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण आजकल देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था युवाओं के साथ अन्याय कर रही है।

### राहुल गांधी बोले- 150 अभ्यर्थियों में सिर्फ 1 को मिलती है सरकारी नौकरी

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि परिवार मेहनत से पैसा कमाकर बच्चों को पढ़ाता है, लेकिन मौजूदा शिक्षा और भर्ती व्यवस्था युवाओं को तनाव में डाल रही है। उन्होंने कहा कि 9 करोड़ अभ्यर्थियों में से केवल 6 लाख को सरकारी नौकरी मिलती है, यानी 150 में से सिर्फ 1 उम्मीदवार का चयन होता है।

## आमिर बोले- 3 इडियट्स वांगचुक पर नहीं बनी

### वांगचुक ने कहा- 20 जुलाई को कॉकरोच पार्टी का संसद मार्च, तब तक जिंदा रहना चाहता हूं



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का शुक्रवार को 20वां दिन है। इस बीच एक्टर आमिर खान ने कहा- मुझे सोनम वांगचुक की सेहत की चिंता है। मैं उम्मीद करता हूं कि वह जल्द अपना अनशन खत्म करेंगे। फिल्म 3 इडियट्स सोनम वांगचुक पर नहीं बनी है। फिल्म जब बन रही थी तब मैं उन्हें जानता तक नहीं था। आमिर ने यह बात लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में एक महिला के सवाल का जवाब देते हुए कही। इधर सोनम वांगचुक ने कहा- वह किसी भी कीमत पर 20 जुलाई तक जिंदा रहना चाहते हैं। इस दिन कॉकरोच जनता पार्टी का संसद मार्च है। उन्होंने समर्थकों से बड़ी संख्या में जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे लोकतंत्र के मंदिर में अपनी बात रखेंगे। डॉक्टरों ने कहा कि वांगचुक के ऑर्गन फेलियर का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र और दिल्ली सरकार को उनकी रोजाना मेडिकल जांच कराने के निर्देश दिए थे। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गडबडी के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 20 दिन से भूख हडताल पर हैं। उनका वजन 8.9किमी. तक गिर गया है। कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक के विरोध में 20 जून से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। वांगचुक भी उनके आंदोलन में शामिल हैं। सीजेपी चीफ जस्टिस सूर्यकांत के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से करने के बाद बनी थी।

## सुपारी किलर ने केतन को मारने से मना किया था

### अब वही सिया-चेतन के खिलाफ गवाह बनेगा, पुलिस के पास तीनों की मुलाकात के फुटेज

**पुणे।** 18 जून को सिया और चेतन ने केतन को पुणे के लोहगढ़ किले से 400 फीट गहरी खाई में धक्का दे दिया था। पुणे की सिया गोयल और चेतन चौधरी ने केतन अग्रवाल की हत्या के लिए एक सुपारी किलर से भी कॉन्टेक्ट किया था। केतन अग्रवाल मर्डर केस की जांच में यह खुलासा हुआ है। केतन के बारे में जानने के बाद सुपारी किलर डर गया था। उसने सुपारी लेने से मना कर दिया था। सिया और चेतन ने इस शख्स को पुणे की एक होटल में बुलाया था।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-एसआईआर से नाम कटने पर नागरिकता नहीं जाती

### बंगाल सरकार-ईसी को नोटिस, योजनाओं का लाभ न रोकने वाली याचिका पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वोटर लिस्ट से बाहर किए गए लोगों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में से नाम हटने से किसी की नागरिकता नहीं जाती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि बंगाल में जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजनके कारण कट गए हैं उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद नहीं होना चाहिए। साथ ही नागरिकता पर अंतिम फैसला होने तक सभी सुविधाएं मिलती रहनी चाहिए। इस मामले में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।



### याचिका में सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग

याचिकाकर्ता प्रसनजीत बोस के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि नागरिकता से जुड़े 34 लाख मामले अभी भी लंबित हैं, जबकि अब तक सिर्फ 38 हजार मामलों का निपटारा हुआ है। फिलहाल केवल 19 ट्रिब्यूनल काम कर रहे हैं। ट्रिब्यूनलों का कामकाज पारदर्शी बनाने, उनकी वेबसाइट पर सभी आदेश और नियम सार्वजनिक करने की मांग की गई है। वोटर लिस्ट से नाम हटने के बाद कई लोगों को राशन, अन्नपूर्णा या दूसरी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है, जबकि उनकी नागरिकता पर अभी फैसला नहीं हुआ है। जिन लोगों के पास पासपोर्ट जैसे वैध दस्तावेज हैं, उनसे नागरिकता साबित करने के लिए बार-बार दूसरे दस्तावेज न मांगे जाएं।

### बंगाल सरकार ने योजनाओं का लाभ देने से मना किया

दरअसल बंगाल सरकार ने पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के तहत अन्नपूर्णा योजना जैसी योजनाओं का लाभ उन लोगों को देने से मना करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किए हैं जिनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। दावा किया गया कि उन लोगों को जाति सर्टिफिकेट भी नहीं दिए जा रहे हैं।

### बंगाल में वोटर लिस्ट से 58 लाख से ज्यादा नाम कटे

पश्चिम बंगाल में **SIR** की ड्राफ्ट लिस्ट में 58.20 लाख नाम कट गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट से पहले राज्य में 7.66 करोड़ थे, ड्राफ्ट लिस्ट में 7.08 करोड़ वोटर्स का नाम शामिल किया गया। काटे गए वोटर्स का प्रतिशत 7.6 है, यानी हर 100 से में लगभग 8 वोटर्स का नाम हटाया गया है। हालांकि, 58.20 लाख वोटर्स में से 24.17 लाख मृत पाए गए, 1.38 लाख डुप्लीकेट या फर्जी थे, 32.65 लाख वोटर्स शिफ्ट, लापता और अन्य थे।

## मानसून सत्र 20 जुलाई से, सरकार 7 बिल लाएगी

### वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदे पर सख्ती की तैयारी, परिसीमन बिल का जिक्र नहीं

**नई दिल्ली।** 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के लिए सरकार ने एजेंडा तय कर लिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लोकसभा में 7 बिल पेश किए जाएंगे। इनमें वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदा कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक भी शामिल हैं। बिलों की अस्थायी सूची में अभी किसी भी संविधान संशोधन बिल जैसे परिसीमन या नारी संशोधन का जिक्र नहीं है। 13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दल NEET-UG पेपर लीक, अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अयोध्या राम मंदिर दान विवाद, ई-20 ईंधन और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। यह सत्र 25 दिनों तक चलेगा, कुल 19 बैठकें होंगी। दिल्ली के कर्तव्य भवन में शुक्रवार को एनडीए नेताओं की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान और ललन सिंह समेत कई सीनियर लीडर शामिल हुए।



### 7 में से 2 बिल पुराने, 3 पहली बार पेश होंगे

सात में से दो विधेयक फॉरेन कंट्रीब्यूशन और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान पुराने हैं। विदेशी चंदे से जुड़ा विधेयक 25 मार्च 2026 को और शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 15 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश किया गया था। शिक्षा से जुड़े बिल को जॉइंट कमेटी के पास भेज दिया गया था। इनकम टैक्स बिल, 2026 और सुप्रीम कोर्ट में जज की संख्या बढ़ाने वाले बिल अध्यादेशों का स्थान लेंगे। जबकि जन्म-मृत्यु, वंदे मातरम के अपमान और एमएसएमई से जुड़े तीन बिल पहली बार पेश किए जाएंगे।

### विपक्षी नेता बोले- संसद में नीट राम मंदिर मुद्दा उठाएंगे

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि संसद में राम मंदिर दान मामले, नीट और परीक्षा प्रणाली से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा व्यवस्था को संभालने में विफल रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा- कांग्रेस महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में पहले भी थी और आज भी उसके लागू होने का समर्थन करती है। लेकिन महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना लोकतंत्र के खिलाफ है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा- हम जनता की जिंदगी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दे संसद में उठाएंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार अयोध्या, शिक्षा व्यवस्था, ऑटोमोबाइल उद्योग, विदेश नीति और मणिपुर जैसे मुद्दों पर जवाब देगी?

## अमेरिका का भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अटैक

### कंट्रोल टावर को निशाना बनाया; लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इस दौरान भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को भी निशाना बनाया गया। हमले में पोर्ट के कंट्रोल (निगरानी) टावर को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंट्रोल टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने चाबहार पोर्ट और कंट्रोल टावर पर अमेरिकी हमले की पुष्टि की है। पिछले एक हफ्ते में इस टावर पर यह तीसरा हमला है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। CENTCOM ने कहा कि हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। चाबहार पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। भारत ने इसके विकास में निवेश किया है और इसका संचालन भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कर रही है। यह बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक व्यापारिक पहुंच उपलब्ध कराता है। **ईरान बोला- अमेरिकी सैनिकों का कत्लेआम होगाः** ईरानी सांसद बेहनाम सईदी ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा कि अगर अमेरिका ने ईरान पर जमीनी हमला किया, तो अमेरिकी सैनिकों का कत्लेआम कर दिया जाएगा।

# हाई रिस्क प्रेग्नेंसी सघन स्क्रीनिंग अभियान को लेकर जिले में हुआ सैक्टर बैठकों का आयोजन

### पीएमएसएमए की तैयारियों की हुई विस्तृत समीक्षा

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** प्रदेश में संचालित हाई रिस्क प्रेग्नेंसी सघन स्क्रीनिंग अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जयपुर जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों एवं सैक्टर स्तर पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों की अध्यक्षता में सेक्टर बैठकों का आयोजन किया गया । बैठकों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. मनीष मित्तल के निर्देशानुसार अभियान की प्रगति, रिपोर्टिंग व्यवस्था तथा आगामी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीएमएचओ प्रथम डॉ. रवि शेखावत और सीएमएचओ द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि बैठकों में सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों, सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, नियमित फॉलोअप, समयबद्ध रेफरल एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठकों के दौरान एएनएम द्वारा संधारित आरसीएच रजिस्टर, एचआरपी रजिस्टर, फॉर्म-6 एवं अन्य अभिलेखों की समीक्षा करते हुए पीसीटीएस पोर्टल पर शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन क्षेत्रों में रिपोर्टिंग या फॉलोअप में कमी पाई गई, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठकों में 18 जुलाई को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (क्क्स्रू) की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला की आवश्यक जांच कर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान की जाए। आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ परामर्श, उपचार एवं रेफरल उपलब्ध कराया जाए तथा गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को हाई रिस्क गर्भावस्था की गंभीरता एवं नियमित जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए। उन्होंने बताया कि मातृ मृत्यु दर में कमी लाने एवं सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान एवं सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से अभियान के प्रत्येक निर्देश की प्रभावी पालना करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। बैठक के उपरांत जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों को फील्ड स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग कर अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा सभी रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।



## राजस्थान के 51 हॉस्पिटल RGHS से निलंबित:24 अस्पतालों पर 3 करोड़ जुर्माना

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार ने 51 अस्पतालों को योजना से निलंबित कर दिया। वहीं 24 अस्पतालों पर करीब 3 करोड़ रुपए का भी जुर्माना लगाया है। इसमें जयपुर के मणिपाल, सोनी, नारायणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, महावीर जयपुरिया हॉस्पिटल और इंडस हॉस्पिटल समेत 9 अस्पताल शामिल हैं। सरकार ने यह कार्रवाई पिछले 3 महीने में की है। आज (शुक्रवार) रिपोर्ट जारी की गई है। वहीं उदयपुर के पारस जेके हॉस्पिटल, डूंगरपुर का जील हॉस्पिटल और अजमेर के मार्बल सिटी हॉस्पिटल सहित कुल 24 अस्पतालों के खिलाफ रिकवरी और जुर्माने की कार्रवाई की।

### चिकित्सा मंत्री बोले- भ्रष्टाचार स्वीकार नहीं किया जाएगा

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि सरकार ने **RGHS** में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। वित्तीय अनियमितता, फर्जी क्लेम और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

### प्रमुख शासन सचिव बोलीं- गंभीर अनियमितताएं सामने आई

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया- ऑडिट के दौरान अस्पतालों में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इनमें फर्जी या डुप्लीकेट दस्तावेज के आधार पर क्लेम, जरूरत से ज्यादा जांचें कराना, एक ही पैकेज की सेवाओं को अलग-अलग दिखाकर अतिरिक्त भुगतान लेना, आवश्यक दस्तावेज के बिना क्लेम प्रस्तुत करना और ओपीडी मरीजों को अनुचित तरीके से आईपीडी में भर्ती दिखाकर भुगतान लेना जैसी गड़बड़ियां शामिल हैं।

# एकता पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता का होगा आज समापन समारोह

### कबड्डी प्रतियोगिता में तीसरे दिन खिलाड़ियों में दिखाई दिया जोश और जुनून

### रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

### कबड्डी प्रतियोगिता का सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबला आज...... राव ईश्वर सिंह

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे के पास किरोड़ी रोड पर स्थित एकता पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी ङ्कद्धङ्क प्रतियोगिता का तीसरा दिन शुक्रवार को भारी उत्साह, जोश और कड़े मुकाबलों के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा एवं सीबीएसई आब्जर्वर देवव्रत शर्मा ने मैदान पर बच्चों की शानदार परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और उनका हौसला ब?ाया। शुक्रवार को खेले गए रोमांचक मुकाबलों में अंडर-19 वर्ग में ऑल सेंट अजमेर ने पैरामाउंट विद्या मंदिर जयपुर को 37-07 से और एसबीएस सीकर ने ओएसिस सैनिक स्कूल सूरतगढ़ को 27-22 से मात देकर अगले दौर में प्रवेश किया।

अंडर-17 वर्ग के क? मुकाबलों में डायमंड जोधपुर ने अदिति ग्लोबल अड़वास सीकर को 27-14 से हराया, जबकि एक अन्य मैच में अदिति ग्लोबल अड़वास ने वापसी करते हुए एमपीएस अजमेर को 30-10 से शिकस्त दी। इसी वर्ग में टैगोर निम्बी जोधा ने एमपीएस जयपुर पर 37-20 से शानदार जीत दर्ज की। वहीं अंडर-14 वर्ग में स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल जयपुर ने गुडडे डिफेंस हनुमानगढ़ को 28-22 से और एमपीएस प्रताप नगर ने एमपीएस कालवाड़ को 42-22 के भारी अंतर से हराया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले आज सुबह और फाइनल मुकाबला आज शाम 6 बजे खेला जाएगा।

## डीग पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए फर्जी सिम विक्रेता एवं गुजरात से गिरफ्तार 2 सिम सप्लायर सहित कुल 7 आरोपी गिरफ्तार कर उनके कब्जे 7 एंड्रॉयड मोबाइल फोन व 179 फर्जी सिम कार्ड को जब्त किया

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक डीग श्री शरण गोपीनाथ के. द्वारा जिले में साइबर ठगों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन एण्टीवायरस'' के तहत डीग पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए फर्जी सिम विक्रेता एवं गुजरात से गिरफतार 02 सिम सप्लायर सहित कुल 07 आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से 07 एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन व 179 फर्जी सिम कार्ड को जब्त किया गया । पुलिस थाना जालूकी, जिला डीएसटी, व साईबर सैल की संयुक्त कार्यवाही, फर्जी सिम विक्रेता आरोपी सहबाज को गिरफतार कर कुल 175 सिमकार्ड व एक एण्ड्रोइड मोबाइल फोन विवो कम्पन्नी जब्त, सूरत गुजरात से फर्जी सिमकार्ड रिटेलर 2 आरोपी सौरभ व तरूण को गिरफतार 2 एण्ड्रोइड मोबाइल फोन मय सिम कार्ड जब्त, पुलिस थाना जालूकी द्वारा गुजरात के फर्जी सिम सप्लायरो से फर्जी सिम खरीद कर भोले भाले लोगो को फंसा कर धौखाधडी करने वाले चार आरोपी तौफिक, अरमान, अहसान व मुबारिक को जिला डीग से गिरफतार कर चार मोबाइल फोन मय सिमकार्ड व 4 फर्जी सिमकार्ड बरामद किये गये। 175 सिमकार्ड व एक मोबाईल फोन सहित गिरफ्तार मुलजिम, 1. सहबाज पुत्र जाहुल जाति मेव उम्र 28 साल निवासी रायपुर पुलिस थाना सीकरी जिला डीग मुलजिम सहबाज की इत्तला पर दिनांक 12.07.26 को सूरत गुजरात से गिरफतार फर्जी सिम रिटेलर,1. सौरभ पुत्र ब्रजकिशोर जाति राजपुत निवासी 204, अराधना लेक टाउन, वी-2, ग्राम जोलवा, पुलिस थाना पलसाना जिला सूरत ग्रामिण व 2. तरूण उर्फ मोहित पुत्र सूखपाल जाति यादव निवासी 376, अराधना लेक टाउन, वी-2, ग्राम जोलवा, पुलिस थाना पलसाना जिला सूरत गुजरात को सूरत गुजरात, फर्जी सिम सप्लायरो से फर्जी सिम खरीद कर भोले भाले लोगो को फंसाकर धौखाधडी करने वाले गिरफ्तार आरोपीयान 1. तौफिक पुत्र समसू जाति मेव निवासी उडकी दल्ला थाना सीकरी जिला डीग, 2. अरमान पुत्र जाकिर जाति मेव उम्र 20 साल निवासी रायपुर पुलिस थाना सीकरी जिला डीग 3. अहसान पुत्र फैजू जाति मेव निवासी गढी मेवात पुलिस थाना खोह जिला डीग 4. मुबारिक पुत्र कासम जाति मेव उम्र 20 साल निवासी बिडगॉव पुलिस थाना नगर जिला डीग तरीका वारदात:- मुलजिम सहबाज द्वारा फर्जी सिमकार्ड 600 रुपये प्रति सिम कार्ड के हिसाव से सूरत (गुजरात) से खरीद कर उन फर्जी सिमो को अपने आस पास एवं मेवात क्षेत्र के साईबर ठगी करने वाले व्यक्तियो को सिम कार्डो को 2000-2500 रुपये प्रति सिम कार्ड के हिसाव से विक्रय करना बताने पर विस्तृत पूछताछ व साइबर तकनीकी के आधार पर फर्जी सिम सप्लायर सौरभ पुत्र ब्रजकिशोर जाति राजपुत निवासी 204, अराधना लेक टाउन, वी-2, ग्राम जोलवा, पुलिस थाना पलसाना जिला सूरत ग्रामिण व 2. तरूण उर्फ मोहित पुत्र सूखपाल जाति यादव निवासी 376, अराधना लेक टाउन, वी-2, ग्राम जोलवा, पुलिस थाना पलसाना जिला सूरत गुजरात को दिनांक 12.04.26 को सूरत गुजरात से गिरफतार कर विस्तृत पूछताछ पर फर्जी सिम सप्लायरो से फर्जी सिम खरीद करने वाले चार आरोपी 1.तौफिक पुत्र समसू जाति मेव निवासी उडकी दल्ला थाना सीकरी जिला डीग, 2 अरमान पुत्र जाकिर जाति मेव उम्र 20 साल निवासी रायपुर पुलिस थाना सीकरी जिला डीग 3. अहसान पुत्र फैजू जाति मेव निवासी गढी मेवात पुलिस थाना खोह जिला डीग 4. मुबारिक पुत्र कासम जाति मेव उम्र 20 साल निवासी बिडगॉव पुलिस थाना नगर जिला डीग को दिनांक 13.07.26 को गिरफतार कर विस्तृत पूछताछ पर मुलजिमान द्वारा फर्जी सिम सप्लायर से फर्जी सिम उचे दामो पर खरीद कर उक्त फर्जी सिमो का प्रयोग देश के भोले भाले लोगो को फंसा कर धौखाधडी कर रूपये एठना व साइबर ठगी करना बताया।

# हाईकोर्ट ने कहा- एक समय में एक पुलिसकर्मी दो-जगह कैसे?

## यह मानवीय रूप से संभव नहीं, एनडीपीएस मामले में दोषी की सजा को किया सस्पेंड




**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नशीली दवाओं के स्टॉक रखने के मामले में दोषी ठहराए गए व्यक्ति की सजा सस्पेंड करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। जस्टिस अनिल उपमन की कोर्ट ने कहा- पूरे मामले में जिस कॉन्स्टेबल की सूचना पर कार्रवाई करना बताया गया है, वह कार्रवाई के समय घटना स्थल पर मौजूद था। वहीं उसी कॉन्स्टेबल को ठीक उसी समय दूसरी जगह हुई कार्रवाई में भी उपस्थित होना पाया गया है। ऐसे में एक समय में एक ही पुलिसकर्मी दो अलग-अलग जगह की कार्रवाई में कैसे उपस्थित हो सकता है। कोर्ट ने कहा- यह मानवीय रूप से तो संभव नहीं है। अदालत ने कहा- इस मामले में जब्ती की कार्रवाई 6:40 बजे की गई। वहीं घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर दूसरे मामले में जब्ती की कार्रवाई 7:10 बजे की गई। कोर्ट ने आरोपी की सजा को निलंबित करते हुए डीजीपी से कहा- वे पूरे मामले में स्वतंत्र जांच करके तीन महीने में रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने यह आदेश आरोपी कमल रामचंदानी के सजा स्थगन के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

### मजिस्ट्रेट के समक्ष नहीं लिए नमूने

आरोपी के अधिवक्ता शांतनु बंसल ने कोर्ट को बताया- पुलिस के अनुसार कॉन्स्टेबल गिरधारी लाल की सूचना पर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने 31 जनवरी 2022 को मुरलीपुरा स्कीम सर्किल स्थित कमल मेडिकल एंड प्रोविजनल स्टोर पर कार्रवाई करते हुए नशीली दवाओं का स्टॉक बरामद किया। आरोपी के पास इन दवाओं के संबंध में खरीद का बिल और कोई वाउचर नहीं मिला। इसके बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया, लेकिन मामले में कानून प्रवाधानों का पालन नहीं किया गया। जब्ती के बाद अगले दिन 1 फरवरी को पुलिस ने नमूने एफएसएल को भेज दिए। वहीं एनडीपीएस एक्ट में मजिस्ट्रेट के सामने ही नमूने लेने का प्रावधान है। जब्ती की कार्रवाई भी इंस्पेक्टर या सब-इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस अधिकारी के द्वारा ही की जा सकती है। इस मामले में मौके पर पहुंची औषधि नियंत्रण अधिकारी अरुणा मीणा ने बयानों में कहा- मेरे घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही दवाओं की बरामदगी हो चुकी थी।

## कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ ने नीमकाजोहड़ा विद्यालय में किए पेड़ वितरित

### संयोजक राकेश जमालपुरिया के नेतृत्व में विद्यार्थियों को वितरित किए गए पेड़

### अधिक से अधिक पेड़ लगाकर करें धरती को हरा भरा..... राकेश जमालपुरिया

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती नीमकाजोहड़ा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को 21 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ राजस्थान द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नीमकाजोहड़ा स्कूल में वृक्ष लगाकर वृक्ष वितरण किए गए द्य राकेश जमालपुरिया प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ राजस्थान ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर एक व्यक्ति अधिक से अधिक पेड़ लगाकर धरती को हरा भरा करें द्यइस मौके पर संयोजक राकेश जमालपुरिया प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ राजस्थान, प्रधानाध्यापक रामलाल मीणा, अध्यापिका कमल सैनी, मुरारी सैनी ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ, मुबारक खान जिला महासचिव कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ, अनिल सैनी ठेकेदार , योगेश व कई गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे ।

### पूर्व-IAS संजय दीक्षित के खिलाफ सीबीआई में दर्ज एफआईआर रद्द

### हाईकोर्ट ने 17 साल पुरानी एफआईआर रद्द की; हिस्ट्रीशीटर का चरित्र सत्यापन किया था

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने पूर्व आईएएस संजय दीक्षित और रणजीत सिंह के खिलाफ दर्ज करीब 17 साल पुरानी एफआईआर को रद्द कर दिया है। यह आदेश जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने संजय दीक्षित और रणजीत सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। दीक्षित ने रणजीत सिंह के पासपोर्ट के लिए उनका चरित्र सत्यापन किया था। इस मामले में प्रहलाद गुर्जर ने साल 2009 में पासपोर्ट कार्यालय में शिकायत की थी कि रणजीत सिंह को जारी पासपोर्ट अवैध है, उसके खिलाफ कई केस दर्ज हैं।

### हाईकोर्ट के आदेश से दर्ज हुई थी एफआईआर

पासपोर्ट कार्यालय ने प्रहलाद गुर्जर के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। इस पर गुर्जर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसके आधार पर हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 13 जनवरी 2010 में सीबीआई को मामला सौंप दिया था। सीबीआई ने 29 जनवरी 2010 को एफआईआर दर्ज की। खंडपीठ ने 10 नवंबर 2010 को एकलपीठ का आदेश रद्द कर मामले पर पुनर्सुनवाई का आदेश दिया। दीक्षित की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता माधव मित्र और अधिवक्ता जया मित्र ने कोर्ट को बताया कि जैसे ही प्रार्थी को रणजीत सिंह के आपराधिक रिकॉर्ड और उसकी गिरफ्तारी की जानकारी मिली, उसने सत्यापन वापस लेने की पुलिस को सूचना दे दी। वहीं रणजीत सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने कोर्ट को बताया- प्रहलाद गुर्जर की जिस याचिका के आधार पर सीबीआई को जांच सौंपी गई, वह बिना आदेश के ही समाप्त हो चुकी है। ऐसे में एफआईआर को रद्द किया जाए।

### शादीशुदा महिला का अफेयर, सच जानने के लिए पति ने घर में लगाई ऑडियो डिवाइस

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के एक बिजनेसमैन ने अपनी पत्नी के नाजायज रिश्तों को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बिजनेसमैन ने दावा किया कि उसने अपनी पत्नी के एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर के सबूत जुटाने के लिए अपने घर में चुपके से एक ऑडियो रिकॉर्डिंग डिवाइस लगाया था। उसने ने कोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी पत्नी अब जिम में मिले व्यक्ति से संबंध बनाना शुरू कर दी है।

# बिजली चोरों पर डिस्कॉम की कार्यवाही, 36 पर गिरी गाज, 6.97 लाख जुर्माना

### मांगली में 2.60 मेगावॉट का सोलर प्लांट शुरू

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बूंदी।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डिस्कॉम) ने जिले में बिजली चोरों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। शुक्रवार को तालेड़ा और के. पाटन क्षेत्र में सतर्कता टीमों ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बिजली चोरी के 36 मामले पकड़े। इन पर करीब 6.97 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दूसरी ओर, जिलेवासियों को गुणवत्तापूर्ण बिजली मुहैया कराने के लिए 33/11 केवी मांगली जीएसएस पर 2.60 मेगावाट क्षमता का नया सोलर प्लांट भी शुरू किया गया है, जिससे 20 गांवों में वोल्टेज की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। अधीक्षण अभियंता (एसई) आर. के. बैरवा के निर्देशानुसार जिले में यह दोहरी कार्रवाई और विकास कार्य किए गए हैं। एक तरफ जहां बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा, वहीं ग्रामीणों को ग्रीन एनर्जी की बड़ी सौगात मिली है। विद्युत चोरी पर लगाम लगाने के लिए नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में सतर्कता (विजिलेंस) टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने विद्युत चोरी निरोधक थाना पुलिस के भारी जाप्ते के साथ उपखंड तालेड़ा और के. पाटन के विभिन्न इलाकों में अचानक दबिश दी। इस योजनाबद्ध कार्रवाई से बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। प्रथम सतर्कता दल ने 16 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी और वीसीआर भरी, जिन पर लगभग 2,97,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। द्वितीय सतर्कता दल ने 20 मामले पकड़े, जिन पर करीब 4,00,000 रुपये का जुर्माना आंका गया है। इस तरह कुल 36 मामलों में डिस्कॉम ने 6 लाख 97 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई है। जिले में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के तहत 33/11 केवी मांगली जीएसएस पर 2.60 मेगावाट का नया सोलर पावर प्लांट सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। इस प्लांट के ग्रिड से जुड़ने के बाद इलाके में वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान हो गया है। इस परियोजना से 4 ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाले करीब 20 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। अब दो ब्लॉक आवर की बिजली सप्लाई में उपभोक्ताओं को भरपूर और स्थिर वोल्टेज मिलेगा। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि डिस्कॉम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को निर्बाध और अच्छी क्वालिटी की बिजली देना है। इसके लिए नए सोलर प्लांट जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जा रहे हैं। लेकिन, बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपभोग करें। यदि कोई बिजली चोरी करते पाया गया, तो उस पर भारी जुर्माने के साथ-साथ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चोरी रोकने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जयपुर-श्रीगंगानगर में ईडी की रेड

### भाजपा नेता के रिश्तेदारों और उनसे जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों पर भी सर्च




**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान सहित कई राज्यों में आज सुबह बड़ी छापेमारी की। छापे की कार्रवाई महादेव ट्रेडिंग केस में PMLA के तहत की जा रही है। भाजपा नेता और श्रीगंगानगर में कारोबारी अशोक चांडक से जुड़े 4 ठिकानों और जयपुर के वैशाली नगर में एक ठिकाने पर सर्च किया गया। ईडी टीमों की ओर से वित्तीय लेन-देन और निवेश से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है अशोक चांडक के रिश्तेदारों और उनसे जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों पर भी सर्च किया गया है। ईडी टीमें छापेमारी में मिले डॉक्यूमेंट, डिजिटल रिकॉर्ड, निवेश और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही है। ईडी की ओर से छापेमारी की कार्रवाई जारी है, जांच पूरी होने के बाद मामले में बड़ा खुलासा होने की संभावना जताई गई है।

### महादेव ट्रेडिंग मामले में कार्रवाई

ईडी सूत्रों के मुताबिक- महादेव ट्रेडिंग मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच को लेकर राजस्थान, दिल्ली और बिहार सहित कई राज्यों में एक साथ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। ईडी की यह कार्रवाई महादेव ट्रेडिंग मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत की जा रही है।

## राजस्थान हाईकोर्ट में स्टेनोग्राफर के 163 पदों पर भर्ती

### 12वीं पास उम्मीदवार कर सकेंगे अप्लाई; जानें- कब से शुरू होंगे आवेदन




**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्टेनोग्राफर के 163 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इसके लिए पात्र अभ्यर्थी 22 जुलाई से 10 अगस्त तक जोधपुर हाईकोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला न्यायालयों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में स्टेनोग्राफर ग्रेड-III (अंग्रेजी) के 141 पद, स्टेनोग्राफर ग्रेड-III (हिंदी) के 13 पद, जबकि स्टेनोग्राफर ग्रेड-II (हिंदी) के 9 पदों पर भर्ती होगी।

### 12वीं पास कर सकेंगे आवेदन

आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (कला, विज्ञान या वाणिज्य) पास होना जरूरी है। साथ ही देवनागरी लिपि में हिंदी लिखने के साथ ही राजस्थानी बोलियों का सामान्य ज्ञान होना चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी के पास **RSCIT, O Level, COPA, DPCS**, कम्प्यूटर साइंस या कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक से कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिप्लोमा, 12वीं में कम्प्यूटर साइंस विषय या समकक्ष मान्य कम्प्यूटर योग्यता होना अनिवार्य है। सिलेक्शन के समय अभ्यर्थी को मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। सिलेक्ट होने पर अभ्यर्थियों को प्रोबेशन पीरियड के दौरान 23 हजार 700 रुपए हर महीने मिलेंगे। प्रोबेशन पूरा होने के बाद नियमित नियुक्ति पर पे-मैट्रिक्स लेवल-10 (33,800 से 1,06,700 रुपए) के अनुसार सैलरी और अन्य सरकारी सुविधाएं मिलेंगी।

# किसान और आमजन की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

### 24 को जिला कलेक्ट्रेट पर होगा विशाल प्रदर्शन, डोटासरा,जूली व भंवर जितेंद्र भाग लेंगे

### सरकार की तानाशाही नीतियों से किसान व आमजन त्रस्त -गुंजल







● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** किसानों और आम जन की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा की अध्यक्षता में रणजीत निवास में संपन्न हुयी।बैठक में आगामी 24 जुलाई को किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर विशाल प्रदर्शन व पैदल मार्च करने का निर्णय लिया गया।

### सरकार की तानाशाही नीतियों से किसान व आमजन त्रस्त -गुंजल

बैठक को संबोधित करते हुये कोटा बूंदी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की तानाशाही नीतियों से किसान और आमजन त्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसानो व आम जन को भारी बिजली कटौती के कारण पूरी बिजली नहीं मिल रही है। किसानों को खाद के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ रही है वहीं सिंचाई के लिये नहरों का पानी अभी तक टेल क्षेत्र तक नहीं पहुंचा है। राज्य सरकार ने केडीए के माध्यम से किसानों को उजाड़ने का काम किया है। उन्होंने बूंदी जिले के सभी किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी 24 जुलाई को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर जन समस्याओं के समाधान के लिये जिला जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित विशाल प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया।

### डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस में नवीन ऊर्जा का संचार हुआ-महावीर मीणा

बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने कहा कि प्रदेश में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं मे नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है।उन्होने कहा कि बूंदी जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार की तानाशाही नीतियों का डटकर विरोध करेंगे।

### डोटासरा,भंवर जितेंद्र व जूली करेंगे संबोधित

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने बताया कि आगामी 24 जुलाई को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से किसान और आमजन की समस्याओं को लेकर विशाल प्रदर्शन व सभा व पैदल मार्च का आयोजन होगा। मीणा ने बताया कि प्रदर्शन व सभा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, एआईसीसी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह,राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर,कोटा बूंदी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रहलाद पीसीसी महासचिव व बूंदी जिले के प्रभारी डॉ विजेंद्र सिंह सिद्धू, सह प्रभारी वीरेंद्र सिंह झाला, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, हिंडोली विधायक अशोक चांदना,केशवरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी संबोधित करेंगे।

### बैठक को इन्होंने किया संबोधित

बैठक को आरसीए उपाध्यक्ष राजकुमार माथुर, पीसीसी सचिव गुड्डू कादरी, आनंदीलाल मीणा,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा,बूंदी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकरण मीणा,तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर, हिंडोली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा,पूर्व प्रधान मोहनलाल गुर्जर,जयकिशन मीणा, रामनारायण बैरवा,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा, बाबूलाल वर्मा, पूर्व डीसीसी महासचिव इश्तियाक अली, एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोडूलाल वर्मा, ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बृजमोहन यादव,एडवोकेट शांतिलाल मीणा,मेघवाल समाज के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष रामलाल मेघवाल, बूंदी पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा आदि ने सम्बोधित किया। संचालन पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतराम मीणा ने किया।

# राजस्थान में 346 महात्मा गांधी स्कूलों में हिंदी माध्यम शुरू: टोंक की 5 स्कूलें भी शामिल, डीईओ से सात दिन में मांगी रिपोर्ट

**टोंक।** राजस्थान में कम नामांकन वाले 346 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में हिंदी माध्यम भी शुरू हो गया है। इसमें टोंक जिले की पांच स्कूलें भी शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने हिंदी माध्यम में एडमिशन के लिए भी आदेश जारी कर दिए हैं। सभी जिलों से सात कार्य दिवस में रिपोर्ट और प्रस्ताव मांगे हैं। सरकार का मानना है कि इससे कम नामांकन वाले स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। हालांकि, शिक्षक संघ ने इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए स्कूलों का स्वरूप बदलने के बजाय अंग्रेजी माध्यम के लिए अलग कैडर बनाकर सीधी भर्ती करने की मांग की है।

### शिक्षा मंत्री की मंजूरी के बाद जारी हुए आदेश

राजस्थान सरकार के शिक्षा ग्रुप-1 विभाग के शासन उप सचिव आलोक जैन ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की मंजूरी के बाद आदेश जारी किए हैं। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा निदेशक, बीकानेर को भेजे




पत्र में कहा है कि प्रदेश के 346 महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन अत्यंत कम है। ऐसे विद्यालयों में अब हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को भी प्रवेश दिया जाएगा। विभाग ने इन विद्यालयों को हिंदी माध्यम में संचालित करने के संबंध में नियमानुसार आवश्यक प्रस्ताव और टिप्पणी जल्द भेजने के निर्देश दिए हैं।

### डीईओ से सात दिन में मांगी रिपोर्ट

नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के साथ शिक्षा विभाग ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से जारी आदेश में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) से सात कार्य दिवस में विस्तृत रिपोर्ट और प्रस्ताव मांगे गए हैं। रिपोर्ट में हिंदी माध्यम शुरू करने का औचित्य, वर्तमान नामांकन की स्थिति और स्थानीय आवश्यकता का आकलन शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग का कहना है कि कई क्षेत्रों में अभिभावक अब भी हिंदी माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में कम नामांकन वाले अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में हिंदी माध्यम शुरू होने से प्रवेश संख्या बढ़ सकती है।

### तबादलों के बीच फैसले का असर

यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है, जब प्रदेश में शिक्षकों के बंपर तबादले हुए हैं। विभाग का मानना है कि माध्यम परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन विद्यालयों में शिक्षकों के तबादलों और स्टाफ के पुनर्गठन पर भी असर पड़ सकता है। अंतिम निर्णय जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा।

### शिक्षक संघ ने उठाई अलग मांग

शिक्षक संघ रेसटा, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने विद्यार्थियों को महंगी निजी स्कूलों की फीस से राहत दिलाई है। उनका कहना है कि कम नामांकन वाले स्कूलों को बंद करने या उनका स्वरूप बदलने की बजाय सरकार अंग्रेजी माध्यम के लिए अलग कैडर बनाकर सीधी भर्ती करे। इससे स्कूलों में नामांकन बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कैडर आधारित भर्ती के बाद भी नामांकन नहीं बढ़ता है, तभी कम नामांकन वाले विद्यालयों पर आगे निर्णय लिया जाए।

# राज्य निर्वाचन आयोग बोला-चुनावों में देरी के लिए सरकार जिम्मेदार

## हाईकोर्ट में कहा- आयोग दो दिन में निकाय-पंचायत चुनाव की घोषणा को तैयार

**जयपुर।** प्रदेश में पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव में देरी के लिए हाईकोर्ट में राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। हाईकोर्ट में आयोग की तरफ से राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने साफ कहा कि निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं में एससी, एसटी और महिला आरक्षण तय किए बिना चुनाव नहीं हो सकते। आरक्षण की लॉटरी निकालना पंचायतीराज विभाग और स्वायत्त शासन विभाग का काम है। हमने इसके लिए छह चिट्ठियां लिखी हैं। हाईकोर्ट में अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह गुरुवार को वीसी के जरिए पेश हुए। राजेश्वर सिंह ने आयोग के बचाव में तर्क देते हुए साफ कर दिया कि आयोग तो दो दिन में चुनाव की घोषणा को तैयार है, लेकिन उसे सरकार ने आरक्षण तय करके ही नहीं दिया।

### सरकार आरक्षण तय करके दें

राजेश्वर सिंह ने हाईकोर्ट में कहा- राज्य निर्वाचन आयोग अपनी तरफ से पूरी तरह तैयार है। हमने वोटर लिस्ट तैयार कर ली है, इसके अलावा दूसरे राज्यों से ईवीएम की भी व्यवस्था कर रखी है। जितनी तैयारी चुनाव के लिए हो सकती है, सारी तैयारियां पूरी हैं। सबसे बड़ी बाधा पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों में वार्डों और उनके चेयरपर्सन का रिजर्वेशन है, वो राज्य सरकार की तरफ से पूरा नहीं किया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी और महिलाओं को आरक्षण देना हमारी कानूनी और संवैधानिक बाध्यता है। पिछली बार हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट के बिना भी चुनाव करवा सकते हैं। एससी-एसटी और महिलाओं का आरक्षण राज्य सरकार को ही तय करना है। इसके लिए इनको हम छह चिट्ठियां लिख चुके हैं। तीन चिट्ठी पंचायती राज और तीन स्वायत्त शासन विभाग को लिख चुके हैं। राजेश्वर सिंह ने हाईकोर्ट में कहा- उसके जवाब में इन्होंने यह अवगत करवाया कि ओबीसी कमीशन 14 अगस्त तक अपनी रिपोर्ट देगा और उसके बाद आरक्षण की लॉटरी निकालेंगे। वार्डों को एएसी, एसटी, ओबीसी और महिलाओं के लिए आरक्षित करने का काम ये 21 अगस्त तक पूरा करेंगे। राजेश्वर सिंह ने कहा-ऐसी स्थिति में हम लोगों के लिए बड़ा मुश्किल है कि हम कैसे चुनाव की घोषणा करें? यह तय करना मुश्किल होगा। आज हम अगर चुनाव की प्रक्रिया घोषित भी कर देते हैं तो यह पता करना मुश्किल होता है कि किस कैटेगरी का व्यक्ति किस वार्ड से चुनाव लड़ेगा? सरकार रिजर्वेशन तय करके दे दे तो हम 2 दिन में चुनाव की घोषणा करने को तैयार हैं। हम ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट बिना भी चुनाव करवा सकते हैं, लेकिन एससी, एसटी, महिला आरक्षण की रिपोर्ट नहीं मिली।




### चुनावों में देरी के लिए हाईकोर्ट ने लगाई थी फटकार

31 जुलाई तक पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव नहीं करवाने पर पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार, राज्य निर्वाचन आयोग और ओबीसी आयोग को फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब हमने 31 जुलाई तक चुनाव करवाने के आदेश दिए थे तो फिर 14 अगस्त तक ओबीसी आयोग की रिपोर्ट की तारीख कहां से ले आए? 20 जुलाई को इस मामले में जब सुनवाई हो तो आरक्षण की लॉटरी की तारीख, चुनाव घोषणा की तारीख और ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट की जुलाई की तारीख चाहिए।यह अगस्त नहीं होनी चाहिए। हम 14 अगस्त तक इंतजार नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था- 14 अगस्त भारत के लिए कोई अच्छा दिन नहीं है। यह तारीख कहां से आई, यह भारत के लिए बहुत बुरा दिन था। इसी दिन ब्रिटिशर्स ने भारत के दो टुकड़े किए थे। हाईकोर्ट ने देरी पर यसह भी कहा था कि अगर राज्य निर्वाचन आयोग से नहीं होत तो हम रिटायर्ड जज को नियुक्त कर देते हैं, वो चुनाव करवा देंगे।

### कोर्ट में चुनाव आयोग और सरकार का तर्क

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा- पिछली बार कोर्ट ने अपने आदेशों में कहा था कि ओबीसी कमीशन अपनी रिपोर्ट नहीं देता तो उसके बावजूद भी हम चुनाव करवा सकते हैं। केवल एससी,एसटी और महिलाओं को रिजर्वेशन देते हुए चुनाव करवा सकते हैं। लेकिन एससी, एसटी और महिलाओं का आरक्षण तय करना है, वह भी राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। चुनाव की तारीखों पर कि हमने 90 दिन का शेड्यूल चुनाव के लिए दिया।

### हम टाइम बढ़ाने की एप्लीकेशन दायर कर रहे

राजेश्वर सिंह ने कहा- सरकार ने कहा था टाइम बढ़ाने की एप्लीकेशन दायर करने जा रहे हैं। उसमें उन्होंने बताया कि 14 अगस्त तक ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट आएगी, 21 अगस्त तक लॉटरी निकाल कर दे देंगे। लॉटरी निकलने का काम राज्य सरकार के अफसर करते हैं।

